Code: A-H337111-A	**I Semester Exam- 2022-23**	5 x 240
Std.: XI	Sub: **Hindi**	Marks: **50**
Date: **18/11/2022**	Roll No.: _____	Time: **2 hrs.**

सूचना :

१) सूचना के अनुसार सभी कृतियों को ध्यान से पढिये और आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखिए ।

२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही उपयोग करें ।

३) व्याकरण विभाग में आकृतियों की आवश्यकता नहीं है ।

४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

विभाग – १ (गद्य)

प्र.१ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओ के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

बाजार की चिल्लपों से घबराकर घर आता हूँ । मनोरंजन के लिए टीवी ऑन करता हूँ । समाचार चैनल खबरों के नाम पर डरा रहे हैं । मौसम का हाल जानना चाहता हूँ तो ४५ डिग्री के तापमान को कुछ इस तरह बताया जा रहा है 'गर्मी की तपिश से जनता बेहाल । आकाश से आग की बरसात । आप अगर जीवित रहना चाहते हैं और अपना भला चाहते हैं तो घर से बाहर न निकलें ।' आपका गर्मी से आया पसीना अब आपको पूरी तरह नहला देगा । इसी तरह सर्दी के खौफनाक वर्णन से आप रजाई में भी कँपकँपी महसूस कर सकते हैं । असल बात दर्शकों का मनोरंजन है । खबर भी पता चल जाए और मनोरंजन भी हो जाए । यह तो सोने पे सुहागावाली बात हो गई । वह एक खबर को दस बार अलग-अलग तरीके से फिर-फिर दोहराएगा । वह सबका भला चाहता है । उसका साध्य पवित्र है । साधन से समझौता कर ले पर साध्य साफ होना चाहिए । दरअसल यह हमारा भला चाहने वाले हैं जिनकी चिंता को हम ठीक से समझ नहीं पा रहे । गर्मी-सर्दी, सूखा-बाढ़ के प्रकोप से आदमी बच भी जाए, इनकी भाषा के मर्मांतक प्रहार से मरना लाजिमी है ।

१) संजाल पूर्ण कीजिए । 2



२) निम्नलिखित शब्दों को उचित तालिका में लिखिए । 2

(बेहाल, जीवित, खौफनाक, प्रकोप)

उपसर्गयुक्त शब्द	प्रत्ययुक्त शब्द
१) _____	१) _____
२) _____	२) _____

३) स्वमत :- 2

'समाचार चैनल भी दर्शकों का मनोरंजन चाहते हैं' इस तथ्य पर अपने विचार लिखिए ।

(पिछे देखो)

आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

इधर मैं कई दिनों से बड़ा परेशान चल रहा हूँ । सब मेरा भला करना चाहते हैं । अखबार पढ़ने बैठता हूँ तो समाचार पढ़ने से पहले ढेर सारे कागज साथ में आ जाते हैं । कोई कहता है आपके द्वार पर आकर बैठे हैं । सभी तरह के इलाज के लिए क्लीनिक खोल दिया है । आप मोटे हैं तो पतला कर देंगे । पागल हैं तो ठीक कर देंगे । क्लीनिक से हर स्लिमिंग सेंटरवाला कह रहा है, 'बस ! आप आ जाएँ, बाकी सब हम पर छोड़ दें । हलवाई की दुकानवाला कह रहा है, 'ऐसी मिठाई आपने कभी न खाई होगी । मीठा खाएँ पर मीठे का असर न हो', ऐसी चीनी का इस्तेमाल करते हैं वे । क्रेडिट कार्डवाला फ्री डेबिट कार्ड दे रहा है । पैसे खर्च करने या नकद खर्च की कोई जरूरत पहले नहीं है । आप बेवजह पैसे के पीछे दौड़ रहे हैं । हम सामान आपके घर लाना चाहते हैं, आप बस माल खरीदें ! गाड़ीवाला नई गाड़ी के कागज दिए जा रहा है । साथ में लोन देने वाला बैंक के कागज भी दिए जा रहा है । अखबार के साथ पैंफलेट इतने ज्यादा हैं कि उन्हें पढ़ने बैठ जाओ तो अखबार पढ़ने के लिए वक्त नहीं बचेगा ।

जिसे देखो, वही हमारी चिंता कर रहा है । मुस्कुराती, चहचहाती लड़कियों के झुंड के झुंड आपके पास किसी भी प्रदर्शनी को देखते वक्त आ जाएँगे । आपको लगेगा, हमने ऐसी क्या उपलब्धि पा ली है कि सभी हमारा आटोग्राफ लेना चाहते हैं । वे फार्म भरवा रही हैं ।

१) संजाल पूर्ण कीजिए । 2



२) i) निम्नलिखित शब्दों के लिए गद्यांश में प्रयुक्त किए गए अंग्रेजी शब्दों ढूँढ़कर लिखिए । 1

१) मुफ्त – _____

२) पतला होना – _____

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 1

१) भला × _____

२) मोटा × _____

३) स्वमत :– 2

'विज्ञापन हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं' – इस विषय पर अपने विचार लिखिए ।

इ) साहित्य संबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए । (३ में से २) 2

१) हिंदी साहित्य के श्रेष्ठ लघुकथाकारों के नाम लिखिए ।

२) राजेन्द्र सहगल जी की साहित्यिक कृतियाँ लिखिए ।

३) संतोष श्रीवास्तव जी लिखित साहित्यिक विधाओं के नाम लिखिए ।

विभाग – २ (पद्य)

प्र.२ अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

बार बार जसुमति सुत बोधति, आउ चंद तोहिं लाल बुलावै ।
मधु मेवा पकवान मिठाई, आपुन खैहै, तोहिं खवावैं ।।

हाथहिं पर तोहिं लीन्हे खेलै, नैंकु नहीं धरनी बैठावै ।
जल-बासन कर लै जु उठावति, याही मैं तू तन धरि आवै ।।

जलपुट आनि धरनि पर राख्यौ, गहि आन्यौ वह चंद दिखावै ।
सूरदास प्रभु हँसि मुसक्याने, बार बार दोऊ कर नावैं ।।

१) संजाल पूर्ण कीजिए । **2**



२) उचित जोड़ियाँ मिलाइए । **2**

'अ'	'ब'
१) सुत	क) लीन्हे
२) लाल	ख) बोधति
३) हाथहिं	ग) राख्यौं
४) धरनि	घ) बुलावै

३) स्वमत :- **2**

'माँ ममता का सागर होती है ' - इस उक्ति में निहित विचार अपने शब्दों में लिखिए ।

आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

प्रथम चरण है नये स्वर्ग का
है मंजिल का छोर,
इस जनमंथन से उठ आई
पहली रतन हिलोर,
अभी शेष है पूरी होना
जीवन मुक्ता डोर,
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की
विगत साँवली कोर,
ले युग की पतवार
बने अंबुधि महान रहना,
पहरुए, सावधान रहना !

विषम श्रृंखलाएँ टूटी हैं
खुलीं समस्त दिशाएँ,
आज प्रभंजन बनकर चलतीं
युग बंदिनी हवाएँ,
प्रश्नचिहन् बन खड़ी हो गईं
ये सिमटी सीमाएँ,
आज पुराने सिंहासन की
टूट रहीं प्रतिमाएँ,
उठता है तूफान
इंदु, तुम दीप्तिमान रहना,
पहरुए, सावधान रहना !

(पिछे देखो)

१) उत्तर लिखिए। 2

१) हवाएँ इस तरह चल रही है – ☐

२) इसकी प्रतिमाएँ टूट रही है – ☐

३) तूफान में भी इन्हें कांतिमान रहना है – ☐

४) इन्हें सावधान रहना है – ☐

२) पद्यांश में से बहुवचन के शब्द ढूँढ़कर लिखिए। 2

१) _____ २) _____

३) _____ ४) _____

३) स्वमत :– 2

'देश की रक्षा – मेरा कर्तव्य' – इस पर अपना मत स्पष्ट कीजिए।

इ) साहित्य संबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (३ में से २) 2

१) निर्गुण शाखा के संत कविओं के नाम लिखिए।

२) गिरीजाकुमार माथुर जी के काव्यसंग्रह के नाम लिखिए।

३) 'तार-सप्तक' के कवियों के नाम लिखिए।

विभाग – ३ (व्यावहारिक हिंदी, अपठित गद्यांश, परिभाषिक शब्दावली)

प्र.३ अ) निम्नलिखित में से किसी एक का लघुत्तरी उत्तर लिखिए। 4

१) 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी रोजगार की भाषा बनती जा रही है' – इस विषय पर अपने विचार लिखिए।

२) मनोरंजन के क्षेत्र में हिंदी भाषा के माध्यम से रोजगार की संभावनाएँ लिखिए।

आ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

मैं इस बात का ध्यान रखता हूँ कि कार्यक्रम कोई भी हो, मंच की गरिमा बनी रहे। मंचीय आयोजन में मंच पर आने वाला पहला व्यक्ति संचालक ही होता है। एंकर (उद्घोषक) का व्यक्तित्व दर्शकों की पहली नजर में ही सामने आता है। अतएव उसका परिधान, वेशभूषा, केश सज्जा इत्यादि सहज व गरिमामयी होनी चाहिए। उद्घोषक या एंकर के रूप में जब वह मंच पर होता है तो उसका व्यक्तित्व और उसका आत्मविश्वास ही उसके शब्दों में उतरकर श्रोता तक पहुँचता है। सतर्कता, सहजता और उत्साहवर्धन उसके मुख्य गुण हैं। मेरे कार्यक्रम का आरंभ जिज्ञासाभरा होता है। बीच-बीच में प्रसंगानुसार कोई रोचक दृष्टांत, शेर-ओ-शायरी या कविताओं के अंश का प्रयोग करता हूँ। जैसे – एक कार्यक्रम में वक्ता महिलाओं की तुलना गुलाब से करते हुए कह रहे थे कि महिलाएँ बोलती भी ज्यादा हैं और हँसती भी ज्यादा हैं। बिलकुल खिले गुलाबों की तरह वगैरह ..... । जब उनका वक्तव्य खत्म हुआ तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि सर आपने कहा कि महिलाएँ हँसती-बोलती बहुत ज्यादा हैं।

१) निम्नलिखित वाक्य पूर्ण कीजिए। 2

१) मंचीय आयोजन में मंच पर आनेवाला पहला व्यक्ति ..... ।

२) मेरे कार्यक्रम का आरंभ ..... ।

३) मैं इस बात का ध्यान रखता हूँ कि कार्यक्रम कोई भी हो ..... ।

४) एंकर (उद्घोषक) का व्यक्तित्व दर्शकों की ..... ।

२) निम्नलिखित शब्दों के लिए परिच्छेद में आए हुए प्रत्ययुक्त शब्द लिखिए। 2

१) व्यक्ति – ☐ २) सहज – ☐

३) सतर्क – ☐ ४) गरिमा – ☐

३) स्वमत :– 2

'व्यक्तित्व विकास में भाषा का महत्व' – इस विषय पर अपने विचार लिखिए।

इ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार पारिभाषिक शब्दों के लिए हिंदी शब्द लिखिए । 4

१) AMOUNT
२) ADVANCE
३) DEDUCTION
४) CUSTODY (POLICE)
५) AVERAGE
६) VALIDITY
७) AFFIDAVIT
८) REVENUE

विभाग – ४ (व्याकरण)

प्र.४ अ) निम्नलिखित पंक्तियों में उद्धृत रस पहचानकर उसका नाम लिखिए । (३ में से २) 2

१) जसोदा हरि पालनैं झुलावैं ।
हलराबें दुलराइ मल्हावै, जोइ सोई कछु गावै ।।

२) तंबुरा ले मंच पर बैठे प्रेमप्रताप,
साज मिले पंद्रह मिनट, घंटा भर आलाप ।
घंटा भर आलाप, राग में मारा गोता ,
धीरे–धीरे खिसका चुके थे सारे श्रोता ।।

३) उधर गरजती सिंधु लहरिया, कुटिल काल के जालों–सी ।
चली आ रही है, फेन उगलती, फन फैलाए व्यालों–सी ।।

आ) निम्नलिखित वाक्यों का कोष्ठक में दी गई सूचनाओं के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए । (३ में से २) 2

१) आप सबको जीत सकते है । (सामान्य भविष्यकाल में बदलिए)
२) आकाश का प्यार मेघों के रुप में धरती पर बरसने लगता है । (पूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए)
३) बबन उसे सलाम करता है । (अपूर्ण भूतकाल में बदलिए)

इ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए । (३ में से २) 2

१) हजारों दीप जल उठना ।
२) गागर मे सागर भरना ।
३) आसमान के तारे तोड़ना ।

ई) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए । (३ में से २) 2

१) उसे तो मछुवे पर दया करना चाहिए था ।
२) उसे तुम्हारे शक्ति पर विश्वास हो गया ।
३) इसकी काम आएगा ।